राजस्थान सरकार

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

RSCERT Udaipur

हवामहल

बच्चों का झरोखा

10 जून 2023: शनिवार: वर्ष– 04: अंक – 08

मम्मी सो रही है
आज की कविता

मम्मी सो रही हों तो फिर बच्चों की मौज ही मौज। न कोई रोकने वाला न कोई टोकने वाला। न पढ़ाई का घंटा और न खाने का टंटा। दौड़ भाग और उठापटक, कभी यहाँ झटक कभी वहाँ लटक। ऐसी ही धमाचौकड़ी वाली कविता सुनते हैं आज। इस कविता को सुनने के लिए विडियो के चित्र पर क्लिक करें।

3+ वर्ष के बच्चों के लिए। RSLPP

उड़नहाथी
आज की कहानी

एक उड़ने वाला हाथी किसान के खेत में रोज़ फसल का खराबा करता है । किसान उस हाथी को पकड़ तो लेता है पर पुरे गाँव में हाथी को लेकर एक होड़ मच जाती है। ये होड़ क्या गुल खिलाएगी? जानने के लिए चित्र पर क्लिक कर पढ़े यह मज़ेदार कहानी ।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। BookBox

नाव में गाँव
आज की किताब

जमुआरी नदी में नाव चलती है। लोगबाग अपने सारे सामान और जानवरों के साथ इस नाव से पार उतरते हैं। पर नाव में सवार गाँव की नदी पार करने की यात्रा कितनी रोचक है? नाव के गाँव में चलकर देखें इस नाव की सवारी में खास क्या है? कहानी पढने के लिए चित्र पर क्लिक करें ।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Room to Read



सयानी बिल्ली
आज की गतिविधि

बिल्ली की कारस्तानियां तो सब जानते है । घर में दूध चट कर जाना हो या चूहों के पीछे घर का पूरा सामान उलट पुलट कर देना हो! इस काम में बिल्ली की बराबरी कोई नहीं कर सकता । पर बिल्ली जैसा सयाना बनने के लिए कुछ अलग तो करना ही पड़ेगा । आज कुछ एसा अलग करने के लिए चित्र पर क्लिक कर एक सयानी बिल्ली बनाने के गतिविधि करें ।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindgupta Toys

बच्चों की भाषा
टीचर्स कॉर्नर

कक्षा पहली के बच्चें के साथ हुआ एक अनुभव पढने की यात्रा को समझने के लिए काफी है । बच्चे की भाषा को समझना एवं उसका सम्मान करने के असल मायने क्या है ? बच्चों का सामाजिक, सांस्कृतिक विकास और कक्षा में सीखने सिखाने में क्या अंतरसंबंध है, ऐसे ही कुछ सवालों की पड़ताल करता द्रोण साहू का यह लेख पढ़े । चित्र पर क्लिक करें ।

शिक्षकों के लिए। Pathshala

पढने की आदत
हमारा पुस्तकालय

बच्चों में पढ़ने की आदत कैसे विकसित करें? इस सवाल का जवाब बच्चों को किताबों का एक्सपोज़र बार-बार देने, उनको किताबों के साथ एक जुड़ाव विकसित करने, किताबों के चित्रों को देखने, उसके ऊपर चर्चा करने और कहानियों व कविताओं को सुनने का आनंद मिलने में है । बच्चों में पढने की आदत बनाने के अनुभवों को साझा करता यह लेख पढ़े ।

शिक्षकों के लिए। Education Mirror

#सबपढ़े

#सबबढ़े

साथियों, हवामहल का 163वाँ अंक आपके हाथों में हैं। खुद जुड़िये और अपने दोस्तों को भी जोडिए। बताइएगा कि यह अंक कैसा लगा?

हवामहल के सभी अंकों को प्राप्त करने के लिये यह QR कांड स्कैन करें।

आज का अंक आपको कैसा लगा? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें ।